<u>31 जुलाई 2024:</u>

माननीय राज्यपाल श्री संतोष कुमार गंगवार ने आज झारखण्ड राज्य के राज्यपाल के रूप में शपथ ली।

माननीय राज्यपाल श्री संतोष कुमार गंगवार को आज राज भवन के बिरसा मंडप में झारखण्ड उच्च न्यायालय के कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश माननीय न्यायमूर्ति श्री सुजीत नारायण प्रसाद ने झारखण्ड राज्य के राज्यपाल के पद की शपथ दिलाई। इससे पूर्व राज्य के मुख्य सचिव श्री एल० खियांग्ते ने माननीय राज्यपाल महोदय की नियुक्ति संबंधी वारंट को पढ़ा। उक्त अवसर पर माननीय मुख्यमंत्री श्री हेमंत सोरेन, झारखण्ड विधानसभा अध्यक्ष श्री रबीन्द्र नाथ महतो, राज्य मंत्रिमंडल के सदस्यगण, झारखण्ड उच्च न्यायालय के न्यायाधीशगण, सांसदगण, विधायकगण, भारतीय प्रशासनिक एवं पुलिस सेवा के वरीय पदाधिकारीगण एवं अन्य गणमान्य अतिथिगण मौजूद थे।

राज्यपाल महोदय ने शपथ ग्रहण करने के पश्चात उपस्थित पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा कि यह राज्य बहुत अच्छा क्षेत्र है और आशा है कि यह प्रगति के क्षेत्र में नए मापदंड स्थापित करेगा।